प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– सरकारी योजनाओं के लिए मंदिरों से कोई धन नहीं लेगी राज्य सरकार।
- देशभर में बीते फरवरी माह में हुआ एक लाख 84 हज़ार करोड़ रूपए का जी.एस.टी. संग्रह।
- सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मण्डी शिवरात्रि महोत्सव के दौरान निकाली गई रैली।
- प्रदेश में वर्षा व बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने के प्रयास जारी– कल से फिर करवट लेगा मौसम।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं के लिए राज्य सरकार मंदिरों से कोई पैसा नहीं लेगी। मण्डी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में भाजपा द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है लेकिन इससे भाजपा को कुछ भी हासिल नहीं होगा। अग्निहोत्री ने कहा कि मंदिर या ट्रस्ट कानूनी प्रावधानों के तहत अपनी इच्छा से ज़रूरतमंदों की सहायता कर सकते हैं लेकिन ये पूरी तरह से उनका निर्णय होता है।

इस बीच उपमुख्यमंत्री आज मण्डी शिवरात्रि महोत्सव में देवी–देवताओं के साथ निकली श्री राजदेव माधोराय की पारंपरिक मध्य जलेब शोभा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मण्डी शिवरात्रि महोत्सव को आने वाले समय में नई ऊंचाईयां देने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सोलन ज़िले में कसौली क्षेत्र के जाबली में जनसुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान आरम्भ किए जाएंगे। शांडिल ने कहा कि इन संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नशाखोरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि नशे के

नेटवर्क को समाप्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। नाहन में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है और शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक सम्मेलन में 3 सौ 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

जीएसटी

देश में जी.एस.टी. संग्रहण इस वर्ष फरवरी में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 9 दशमलव एक प्रतिशत बढ़कर एक लाख 84 हजार करोड़ रुपये हो गया। फरवरी लगातार 12वां महीना है जब एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक जी.एस.टी. का संग्रहण हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जी.एस.टी. से 35 हजार 2 सौ 4 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. से 43 हजार 7 सौ 4 करोड़ रुपये, एकीकृत जी.एस.टी. से 90 हजार 8 सौ 70 करोड़ रुपये और मुआवजा उपकर से 13 हजार 8 सौ 68 करोड़ रुपये प्राप्त हुये। फरवरी के दौरान 20 हजार 8 सौ 89 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ। रिफंड में छूट के बाद फरवरी में शुद्ध जी.एस.टी. संग्रह 8 दशमलव एक प्रतिशत बढ़कर लगभग एक लाख 63 हजार करोड़ रुपये हो गया।

शोक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डेरा बाबा रूद्रानन्द के संस्थापक श्री श्री सुग्रीवानन्द महाराज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका पी.जी.आई. चण्डीगढ़ में लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री सुग्रीवानन्द महाराज द्वारा दी गई शिक्षाएं हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। वहीं, अपने शोक संदेश में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनके निधन को पूरे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति करार दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें हमेशा धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी स्वामी सुग्रीवानन्द के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

सड़क सुरक्षा

मण्डी में अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली गई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सेरी मंच से रैली को हरी झण्डी दिखाई। ये रैली

डडौर तक निकाली गई और इस रैली में सौ बाईक और 25 कारें शामिल रहीं। रैली को रवाना करने के बाद अपने संदेश में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने का आह्वान किया।

दूसरी ओर, कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में राज्यस्तरीय शिवरात्रि उत्सव आज संपन्न हो गया। समापन अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने कहा कि ये उत्सव भगवान शिव की भूमि में प्राचीन उत्सव है और इसके महत्व व गरिमा को बरकरार रखना सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्सव में पारंपरिक संगीत, नृत्य और कला का प्रदर्शन होने से सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है।

चर्चा

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी व राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर कई कांग्रेस विधायक व पार्टी नेता मौजूद रहे।

मांग

चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी में हाल ही में हुई भारी बर्फबारी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। घाटी में करीब 4 फुट हिमपात हुआ है। ऐसे में पांगी घाटी का संपर्क देश–प्रदेश से कटा हुआ है। घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से अजोग, साच, किलाड़ और धरवास के लिए हैलीकॉप्टर उड़ानों की मांग की है ताकि लोगों को घाटी से बाहर जाने की सुविधा मिल सके।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, बर्फबारी व भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन धीरे–धीरे पटरी पर लौट रहा है। जानकारी के अनुसार अभी भी 4 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित करीब 4 सौ 80 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसी तरह करीब 2 हज़ार विद्युत ट्रांसफार्मर और 4 सौ से अधिक पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। मौसम विभाग ने कल 3 मार्च से एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

राहत कार्य

इस बीच, कुल्लू ज़िले में भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में जन सुविधाओं की बहाली का कार्य जारी है। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि मनाली शहर सहित प्रीणी तक बिजली बहाल कर दी गई है और अन्य क्षेत्रों में भी बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रभावित इलाकों में कल शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त के अनुसार कुल्लू–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुला है। इसके अलावा ज़िले में 84 रज्जू मार्गों को छोड़ कर बाकी सड़कें बहाल कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति को बहाल करने का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– सरकारी योजनाओं के लिए मंदिरों से कोई धन नहीं लेगी राज्य सरकार।
- देशभर में बीते फरवरी माह में हुआ एक लाख 84 हज़ार करोड़ रूपए का जी.एस.टी. संग्रह।
- सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मण्डी शिवरात्रि महोत्सव के दौरान निकाली गई रैली।
- प्रदेश में वर्षा व बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने के प्रयास जारी– कल से फिर करवट लेगा मौसम।